दिनांकः 27.03.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीज़ल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की।
- राज्य सरकार उर्वरकों की कालाबाज़ारी, जमाखोरी और अवैध परिवहन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाएगी।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने प्रदेशवासियों से 'अर्थ ऑवर डे' पर कल ऊर्जा संरक्षण में योगदान देने की अपील की।
- राज्य के ज्यादातर भागों में अगले तीन–चार दिन आंधी–बारिश के आसार।

000

केन्द्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। सोशल मीडिया पोस्ट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि यह निर्णय पश्चिम एशिया संकट के बीच लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों से राहत मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि डीजल के निर्यात पर 21 रुपये 50 पैसे प्रति लीटर और विमानन ईंधन पर 29 रुपये 50 पैसे प्रति लीटर शुल्क लगाया गया है। इस मुद्दे पर नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि पेट्रोल, डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन–एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी।

--------------

केन्द्र सरकार के इस निर्णय का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वागत किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने कहा है कि इस संवेदनशील कदम से देश के लाखों परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।
इस बीच, प्रदेश में एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए रसद विभाग और प्रशासन की ओर से छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में आज भीलवाड़ा जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे ऑटो एलपीजी पम्प को रसद विभाग द्वारा सील किया गया।

000

केन्द्र सरकार ने बताया है कि देश में पिछले एक दशक में यूरिया का घरेलू उत्पादन दो करोड़ 30 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 3 करोड़ 15 लाख मीट्रिक टन हो गया है। रसायन और उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि उत्पादन बढ़ाने के लिए 2014 से विभिन्न स्थानों पर नए उर्वरक संयंत्र स्थापित किए गए हैं। श्री नड्डा ने कहा कि खरीफ मौसम के लिए देश में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है और किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

--------------

000

कृषि और उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा है कि राज्य में उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और अवैध परिवहन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। श्री मीणा आज जयपुर में खरीफ–2026 के लिए उर्वरक प्रबंधन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए सीमावर्ती जिलों की चेकपोस्टों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। कृषि मंत्री ने नीम कोटेड यूरिया के औद्योगिक उपयोग पर रोक लगाने और औचक निरीक्षण करने को भी कहा। उन्होंने बताया कि उर्वरकों के गलत उपयोग और डायवर्जन को रोकने के लिए आई–एफ–एम–एस पोर्टल को एग्री स्टैक से जोड़ा जाएगा। साथ ही, जिला स्तर पर गठित टास्क

फोर्स की बैठकें अप्रैल के पहले सप्ताह में आयोजित की जाएंगी। श्री मीणा ने किसानों से उर्वरकों के संतुलित उपयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में यूरिया और डी–ए–पी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अध्यापकों से विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ–साथ नैतिक, चारित्रिक और मानवीय गुण विकसित करने का आह्वान किया है। श्री दिलावर आज कोटा के रामगंजमंडी में पी–एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर, उन्होंने कहा कि बचपन में विकसित हुए संस्कार व्यक्ति को सही मार्ग पर चलने और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने में मदद करते हैं। मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार शिक्षा में सामाजिक मूल्यों और मानवीय गुणों के समावेश पर विशेष जोर दे रही है। श्री दिलावर ने बताया कि स्थानीय महापुरुषों की जीवनी को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है ताकि बच्चे उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने प्रदेशवासियों से कल 'अर्थ ऑवर डे' में भाग लेने की अपील की है। इसके तहत लोक भवन में रात साढ़े आठ बजे से रात साढ़े नौ बजे तक बिजली के सभी गैर–जरूरी उपकरण बंद रखे जाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि एक घंटे के लिए बिजली बंद रखकर ऊर्जा संरक्षण में योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं। गौरतलब है कि ऊर्जा के महत्व और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए दुनिया भर में 'अर्थ ऑवर डे' मनाया जाता है।

000

रेल्वे ने आठ सौ करोड़ रुपये की लागत से मेड़ता–पुष्कर रेल लाइन परियोजना का काम शुरू कर दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। इसी के तहत, इक्यावन किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन के लिए जमीन लेने का काम तेज कर दिया गया है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को नियुक्त कर दिया गया है और जमीन अधिग्रहण से जुड़े जरूरी आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। वहीं, इस नई रेल लाइन के बनने से पुष्कर और मेड़ता के बीच आवाजाही आसान होगी और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

000

मौसम में आये बदलाव के कारण राज्य के ज्यादातर भागों में अगले तीन चार दिन तेज आंधी और बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। आज दोपहर बाद भी राज्य के कई हिस्सों में तेज हवाएं और आंधी चलने तथा कहीं कहीं हल्की बारिश और बूंदाबादी हुई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव आया है। इसी बदलाव के चलते कल पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग तथा शेखावाटी अंचल में आंधीकृबारिश की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ का ज्यादा प्रभाव 29 से 31 मार्च तक रहेगा। रविवार को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर तथा कोटा संभाग के कुछ भागों में तेज मेघगर्जन, आंधी के साथ कहीं कहीं बारिश की संभावना है। केंद्र ने किसानों को अपनी तैयार हुई फसल को खुले स्थानों की बजाये सुरक्षित जगहों पर रखने की सलाह दी है ।

000

हनुमानगढ़ जिले में आयोजित 'राजसखी मेला' लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। 29 मार्च तक चलने वाले इस मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद काफी पसंद किये जा रहे हैं। मेले में पंजाबी और राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे आगंतुकों का भरपूर मनोरंजन हो रहा है। कार्यक्रम के जिला प्रबंधक वैभव अरोड़ा ने बताया कि स्थानीय लोग बड़ी संख्या में हस्तशिल्प और अन्य घरेलू उत्पादों की खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं।

--------------

000

जयपुर के राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज में आज रोजगार शिविर आयोजित किया गया। जयपुर के उप–प्रादेशिक कार्यालय जयपुर की उप–निदेशक नवरेखा ने बताया कि कौशल,

रोजगार और उद्यमिता विभाग की वार्षिक कार्ययोजना के तहत आयोजित इस शिविर में युवाओं को करियर के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

--------------

000

झुंझुनूं के आबूसर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के लिए आयोजित पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन कर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दयानंद ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विक्रेताओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना है ताकि वे किसानों को उर्वरकों के सही और संतुलित उपयोग की जानकारी दे सकें।

--------------

000

जल शक्ति मंत्रालय ने राजस्थान को जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए शील्ड और प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया है। राज्य को यह सम्मान बड़ी और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की पहली गणना समय पर पूरा करने के लिए दिया गया है। नई दिल्ली में आयोजित विश्व जल दिवस समारोह के दौरान जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता ने राज्य की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने इस उपलब्धि के लिए विभागीय अधिकारियों और इंजीनियरों के प्रयासों की सराहना की।

000